हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नशे के खिलाफ एकजुट हुए नगर के पैंतालीस...



07 मजबूरी की इंतहा: श्मशान घाट में गुजर रही बुजुर्ग...



खबर संक्षेप

70 किसानों ने सीखी उन्नत कृषि की तकनीक

विदिशा। आईसीएआर–भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान एवं केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल में विदिशा और गंजबासौदा के लगभग 70 किसानों ने मृदा स्वास्थ्य, कार्बन क्रेडिट, प्राकृतिक खेती एवं कृषि प्रसंस्करण का प्रशिक्षण लिया। किसानों को मृदा परीक्षण, पोषक तत्व प्रबंधन, फसल विविधीकरण, नरवाई प्रबंधन तथा वर्मी कम्पोस्ट सहित प्राकृतिक उत्पाद बनाने की जानकारी दी गई। सोयाबीन से विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पाद, दाल मिल, ऑयल एक्सपेलर एवं प्रसंस्करण मशीनों का भी प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि वैज्ञानिक खेती और प्रसंस्करण से लागत घटाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है।

कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की जयंती बनाई

कुरवाई। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 82वीं जयंती बुधवार को सद्भावना दिवस के रूप में कुरवाई शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई।
नगरपालिका प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उन्हें कंप्यूटर क्रांति का अग्रदूत, पंचायती राज का सशक्त समर्थक और युवा भारत का निर्माता बताया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में सद्भावना, एकता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेते हुए राजीव गांधी के मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के सपने को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया

विदिशा। बेतवा नदी तट स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर में समरसता एवं कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। भोपाल से आए कलश का विधायक मुकेश टंडन ने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले की ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विधायक टंडन ने संतों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार संतों के संदेशों को जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वित कर रही है।

राजीव गांधी जयंती पर कांग्रेस ने किया रक्तदान



विदिशा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद का संकल्प लिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता, अखंडता और आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्तदान के माध्यम से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आनंद प्रताप सिंह, प्रशांत पाराशर, सुशील शर्मा, सुनील सिंह दांगी, नरेश राज साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पैक्स सदस्यता एवं उर्वरक उठाव शुरू

विदिशा। रबी वर्ष 2026-27 में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने और ऑनलाइन सुविधाओं से जोड़ने जिले में एग्रीस्टैक पंजीयन, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 15 सितंबर तक चलेगा। अभियान में फार्मर आईडी पंजीयन, भूमि खातों को आईडी से जोड़ने, पैक्स में नए सदस्य बनाने और केसीसी तैयार कराने पर जोर रहेगा। किसानों को ई-टोकन एवं ई-विकास प्रणाली की जानकारी देकर अग्रिम उर्वरक उठाव के लिए प्रेरित किया जाएगा।

पुजारी ने चोरी की शिकायत से किया इनकार, सीएसपी बोले: मौजूद है

बाढ़ वाले गणेश मंदिर की रेलिंग चोरी की जांच हुई तो पुलिस को लगी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रसिद्ध बाढ़ वाले गणेश मंदिर से सरकारी रेलिंग चोरी होने की सूचना के बाद मामला अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो द्वारा वीडियो जारी कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में मंदिर परिसर में रेलिंग लगी हुई मिली है।

जानकारी के अनुसार पर्यटन विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में रेलिंग लगाई गई थी। रेलिंग चोरी होने की सूचना सामने आने पर प्रियंक कानूनगो ने वीडियो जारी कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने लोगों से अपील भी की थी कि रेलिंग चोरी या उसे ले जाने वालों के संबंध में कोई जानकारी हो तो उपलब्ध कराई जाए। वहीं मंदिर के पुजारी परसराम चौबे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने रेलिंग चोरी होने की कोई शिकायत नहीं की है और मंदिर से कोई रेलिंग चोरी भी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी व्यक्ति ने उनके नाम से झूठी शिकायत की है।



विदिशा। सीएसपी कार्यालय से जांच करने बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंची पुलिस टीम पुजारी के बयान दर्ज करते हुए।

सहायक सचिव यशवंत मीणा ने भी बताया कि सीएसपी कार्यालय से पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची थी, लेकिन मौके पर रेलिंग चोरी होने जैसी स्थिति नहीं पाई गई। सीएसपी अतुल सिंह के अनुसार पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसके बाद मामले की जांच उन्हें सौंपी गई।

पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर संबंधित लोगों के बयान लिए हैं। जांच के दौरान रेलिंग मौके पर लगी हुई मिली। अब सवाल यह है कि रेलिंग चोरी होने की शिकायत किस आधार पर की गई और यह जानकारी राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य तक कैसे पहुंची। पुलिस जांच और संबंधित लोगों के बयानों के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

ईको सिटी में युवक ने तोड़ा शिवलिंग, सीसीटीवी में कैद हुआ घटनाक्रम



विदिशा। हरिपुरा स्थित बालाजी ईको सिटी में शिवलिंग तोड़ने का मामला सामने आया है। घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। इस मामले में कॉलोनी निवासी शैलेंद्र पीतलिया ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज में कॉलोनी निवासी अखिलेश यादव शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करते दिखाई दिया। शैलेंद्र पीतलिया ने पुलिस को बताया कि वे गल्ला मंडी में व्यापारी हैं। बुधवार शाम करीब 4 बजे वे कॉलोनी स्थित शिवालय में दर्शन करने पहुंचे, जहां शिवलिंग टूटा हुआ मिला। उन्होंने इसकी सूचना पंकज खरे, अर्जुन सिंह राठौर और राजकुमार जैन को दी। तीनों मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज देखा। फुटेज में दोपहर करीब 3.06 बजे अखिलेश यादव शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करता नजर आया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ई-विकास 2.0 में बड़े बदलाव, किसान चुन सकेंगे मनचाही खाद और रिटेलर

अब टोकन से लेकर अतिरिक्त उर्वरक और फसल खराब होने पर दोबारा मांग तक प्रक्रिया हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सरकार ने ई-विकास 2.0 प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नई व्यवस्था के तहत किसान अब आवश्यकता के अनुसार उर्वरक, रिटेलर और उर्वरक समूह का चयन कर सकेंगे।

ई-विकास 2.0 में किसान आईसीएआर की फसलवार अनुशंसा के अनुसार अथवा उससे अधिक मात्रा में आवश्यक उर्वरक खरीद सकेगा। अतिरिक्त उर्वरक लेने के लिए अब 50 शब्दों में कारण लिखने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है और ड्रॉपडाउन विकल्प से कारण चुना जा सकेगा। पोर्टल पर विभिन्न उर्वरक समूहों की जानकारी उपलब्ध रहेगी, जिससे किसान अपनी जरूरत के अनुरूप चयन कर सकेगा। नई व्यवस्था में प्रति हेक्टेयर बैग के आधार पर उर्वरक की गणना की जाएगी। टोकन व्यवस्था में भी सुधार किया गया है। मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों पर जरूरत पड़ने पर प्रतिदिन 300 से अधिक टोकन जनरेट किए जा सकेंगे तथा किसान टोकन बनने के 24 घंटे बाद उसे निरस्त भी कर सकेगा। फसल खराब होने की स्थिति में किसान दोबारा उर्वरक की मांग कर सकेगा।

ऐसे प्रकरणों का अनुमोदन तहसीलदार अथवा एसडीएम स्तर से 48 घंटे में किए जाने की व्यवस्था है।

किसानों को क्या मिलेगा फायदा?

नई व्यवस्था से किसानों को पसंद की खाद और रिटेलर चुनने की सुविधा मिलेगी। अतिरिक्त खाद के लिए लंबा कारण लिखने की परेशानी नहीं होगी, टोकन निरस्त करने और फसल खराब होने पर पुनः खाद मांगने की सुविधा मिलेगी। इससे समय की बचत के साथ वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। किसान ई-विकास हेल्पलाइन 7880223344 पर शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

21 से 23 अगस्त तक सागर में होगी ताइक्वांडो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ईगल ताइक्वांडो अकादमी, विदिशा के पांच खिलाड़ी 10वीं कैडेट, 38वीं जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिका मध्यप्रदेश राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 में सहभागिता के लिए 21 अगस्त को सागर रवाना होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक सरोज सागर मैरिज गार्डन सागर में जिला ताइक्वांडो संघ, सागर द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ईगल ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ी परी प्रजापति, गौरव सोनी, आयुष कुशवाह, मनीष मालवीय एवं श्रवण अहिरवार भाग लेंगे। खिलाड़ियों के साथ कोच अनुष्का पांडे एवं रोहन कुशवाह मार्गदर्शक और प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। अकादमी संचालकों रोहन कुशवाह एवं अनुष्का पांडे ने बताया कि सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार हैं और बेहतर प्रदर्शन कर विदिशा का नाम रोशन करने के लिए उत्साहित हैं। अकादमी परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

दिव्यांग विवाह योजना के तहत 14 प्रकरण स्वीकृत

विदिशा। मप्र शासन की दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत विदिशा जिले में 14 पात्र दंपतियों के प्रकरणों को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वीकृति प्रदान की है। योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को विवाह के बाद आर्थिक संबल उपलब्ध कराया जाएगा। स्वीकृत प्रकरणों में ऐसे दंपति शामिल हैं, जिनमें एक पक्ष दिव्यांग और दूसरा सामान्य है। ऐसे 10 पात्र प्रकरणों में प्रत्येक को 2-2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। वहीं चार ऐसे दंपतियों के प्रकरण भी मंजूर किए गए हैं, जिनमें पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। इन्हें 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

सत्ता, धर्म व समाज विषय पर वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्य और मानवीय सरोकारों पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर माहेश्वरी ट्रस्ट धर्मशाला में सत्ता, धर्म और समाज विषय पर संगोष्ठी हुई। गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व प्रतिकुलपति प्रोफेसर चितरंजन मिश्र ने कहा कि जब समाज, धर्म और विचारधारा कट्टर हो जाते हैं तो वे मनुष्यता के शत्रु बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी समाज में प्रेमचंद को तुलसी और कबीर जैसी लोकप्रियता प्राप्त है। प्रेमचंद अपने पात्रों की सामाजिक और पारिवारिक स्थिति के साथ उनकी आर्थिक परिस्थितियों को भी महत्वपूर्ण मानते थे। उनके साहित्य में श्रम, समानता और मानवीय चेतना प्रमुख रूप से दिखाई देती है। न्यास के अध्यक्ष एवं ख्यात कवि-आलोचक डॉ. विजय बहादुर सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद का लेखन मनुष्यता को प्राथमिकता देता है। उन्होंने 'कफन' कहानी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रेमचंद समाज के सामने भूख, गरीबी और सामाजिक अन्याय से जुड़े गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया ने विषय की प्रस्तावना रखी।



विदिशा। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में शामिल हुए छात्र।

देशप्रेम से सराबोर साहित्यिक गोष्ठी हुई

विदिशा। वनमाली सृजन केंद्र, इकाई विदिशा के तत्वावधान में गायत्री शक्ति पीठ में साहित्य, संगीत और देशप्रेम से सराबोर साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई। बरसात के सुहाने मौसम में कवियों और साहित्यकारों ने कविता, गीत, ग़ज़ल, दोहे और व्यंग्य की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शाहिद अली शाहिद की पंक्तियां इल्मो-अदब की महफिल आवाज दे रही है, गीत ग़ज़ल गाओ बरसात का मौसम है"—विशेष आकर्षण रहीं। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गोवर्धन राजोरिया ने की तथा संचालन सुदिन श्रीवास्तव ने किया। सुमन भदौरिया ने स्वागत भाषण दिया। विभिन्न रचनाकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। दूसरे सत्र में देशभक्ति गीतों ने माहौल को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। संयोजक आनंद सौरभ ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। रश्मि पोरवाल ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह गोष्ठी अब प्रतिमाह आयोजित की जाएगी।

फ्यूचर इंडियन रोटेशनल स्पेस स्टेशन मॉडल को तृतीय स्थान, अन्य विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

भोपाल स्थित रीजनल साइंस सेंटर में आयोजित प्रतियोगिताओं में साकेत एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2026 के अवसर पर भोपाल स्थित रीजनल साइंस सेंटर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में साकेत एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल, विदिशा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।

मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के छात्र अजय जांगिर और हृदय परमार ने फ्यूचर इंडियन रोटेशनल स्पेस स्टेशन मॉडल प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मॉडल को तैयार करने में उन्हें शिक्षिका शेली अग्रवाल का मार्गदर्शन मिला। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि एवं पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मॉडल की विशेषता यह रही कि घूमने वाली संरचना के माध्यम से कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण उत्पन्न किया जा सकता है। इसके जरिए पृथ्वी के समीप रहकर कम गुरुत्वाकर्षण वाली परिस्थितियों का निर्माण कर वैज्ञानिक प्रयोग किए जा सकेंगे।

इससे पौधों, जीव-जंतुओं और बैक्टीरिया पर कम गुरुत्व के प्रभाव का अध्ययन तथा अंतरिक्ष यात्रियों को मंगल जैसे मिशनों से पूर्व प्रशिक्षण देने में सहायता मिल सकती है। इसरो स्पेस साइंस क्विज चैलेंज में हर्षित धाकड़ और सुप्रिया साहू ने पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिमांगी श्रीवास्तव को प्रोत्साहन राशि एवं पुरस्कार मिला। इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार, संस्था संचालक एवं प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल ने विद्यार्थियों और शिक्षिका शेली अग्रवाल को बधाई दी है।



मॉडल प्रदर्शित करते हुए छात्र।

डूबती युवती की जान बचाने वाले विनोद पटेरिया सम्मानित

विदिशा। मानवता, साहस और तत्परता का परिचय देते हुए बेतवा नदी में डूब रही एक युवती की जान बचाने वाले विनोद पटेरिया को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने गुरुवार को अपने चेम्बर में पटेरिया को उनके साहसिक एवं मानवीय कार्य के लिए 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक भेंट किया। जानकारी के अनुसार 18 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे विदिशा-सौंठिया बायपास रोड स्थित बेतवा नदी के पुल के समीप कु. पायल कुशवाह नदी में डूब रही थीं। इस दौरान रायसेन निवासी विनोद पटेरिया की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए नदी में छलांग लगाई और अपनी जान की परवाह किए बिना युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अपर कलेक्टर ने उनके कार्य को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि संकट के समय दिखाई गई संवेदनशीलता समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है।

स्व.राजीव गांधी की जयंती पर निकाला सद्भावना मार्च

माधव उद्यान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई



विदिशा। कांग्रेसियों ने निकाली सद्भावना रैली।

विदिशा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के पर कांग्रेस सेवादल ने सद्भावना मार्च निकाला। जो माधव उद्यान से प्रारंभ होकर नीमताल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समाप्त हुआ। सद्भावना मार्च में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी हाथ में तिरंगा थामे चल रहे थे। सद्भावना मार्च के पूर्व राजीव माधव उद्यान में कांग्रेस जनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। यहां कांग्रेस एवं सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, संचार एवं युवा शक्ति से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत, आनंद प्रताप सिंह, विनीत दांगी, रमेश तिवारी, रवि साहू, सुशील शर्मा, आशीष माहेश्वरी, सुजीत देवालिया, नितेश राजा यादव, नीतू सिंह राजपूत, अर्पित उपाध्याय, मलखान सिंह मीणा, रूप सिंह किरार, चीनू भारद्वाज, अवधेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, राज कुमार पांसी, बंटी सक्सेना, बाबू पाल, पर्वत सिंह गौड़, शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी, संगीता चंद्रावल आदि शामिल हुए।

ओलंपस स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

24 विद्यार्थियों ने ली अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ओलंपस हाई स्कूल में छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के नव-नियुक्त छात्र परिषद सदस्यों ने नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अंशुभान सिंह कमांडिंग ऑफिसर, 14 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, विदिशा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व केवल किसी पद से नहीं, बल्कि ईमानदारी, जिम्मेदारी और अपने आचरण से दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने से सिद्ध होता है। समारोह में हेड बॉय सुकुमार सक्सेना एवं हेड गर्ल सानिया मीणा सहित ग्रिफिन, फीनिक्स, यूनिकॉर्न एवं ओरैकल हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन सहित कुल 24 छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण की। विद्यालय की प्राचार्य प्रियंका सिंह ने सभी नव-नियुक्त छात्र परिषद सदस्यों को पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई। समारोह का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों का अनुशासित मार्च-पास्ट रहा। छात्र-छात्राएं आत्मविश्वास के साथ मंच तक पहुंचे और अपने नेतृत्व पद का सम्मान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन यशपाल सिंह, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी एवं डायरेक्टर मोहित रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्र परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि युवा नेतृत्व विद्यालय की परंपराओं और मूल्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



विदिशा। छात्रों ने सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली।

बाल तस्करी, बाल विवाह और बाल मजदूरी रोकने पर जोर

ग्यारसपुर। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस की सहयोगी संस्था विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा रामद्वारा के समीप 24 जिलों के जिला प्रभारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल मजदूरी तथा बच्चों की शिक्षा और अधिकारों से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, एचआर एवं एडवोकेट ने भारतीय न्याय संहिता सहित बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। टीम को गांव-गांव जाकर बाल विवाह की संभावनाओं की जानकारी जुटाने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों की बैठक, मैरिज रजिस्टर एवं बच्चों का रिकॉर्ड तैयार करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्कूलों से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की जानकारी एकत्र कर पढ़ाई से दूर बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने की योजना पर चर्चा हुई। संस्था ने बाल मजदूरी रोकने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण का संकल्प दोहराया।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6870
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7752
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6370
मसूर
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-9650
शरबती
न्यूनतम भाव-3601
उच्चतम भाव-4425
गेंहू
न्यूनतम भाव-2301
उच्चतम भाव-3113
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2621
मटर
न्यूनतम भाव-2690
उच्चतम भाव-2690
बटरी
न्यूनतम भाव-3290
उच्चतम भाव-3290
मूंग
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-6600
धनिया
न्यूनतम भाव-10000
उच्चतम भाव-14150
उड़द
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3730

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5512 बोरों उपज की आवक दर्ज हुई।

किन्नर समुदाय के कार्यक्रम में शामिल होंगे तीन हजार मेहमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में किन्नर समुदाय के एक भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। किन्नर गुरू मुन्ना नायक मामा की ओर से आगामी 27 मार्च 2027 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देशभर से किन्नर समुदाय के 3 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, पंजाब, गुजरात, हरियाणा, बुंदेलखंड और मालवा सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से किन्नर समुदाय के संत और प्रतिनिधि इस आयोजन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों के स्वागत, ठहरने, भोजन और सुरक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन समिति ने बताया कि शहर में जगह-जगह सजावट और स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। किन्नर



गुरू मुन्ना नायक ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनकल्याण, सुख-समृद्धि और मंगलकामनाओं के लिए सामूहिक प्रार्थना और आशीर्वाद देना है। किन्नर समुदाय के संत अपने आशीर्वाद से नगर की शांति और समृद्धि की कामना करेंगे। किन्नर समाज के इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर भी उत्साह का माहौल है।

1 सितंबर को नगर में निकलेगी विशाल जागरूकता रैली

नशे के खिलाफ एकजुट हुए नगर के पैंतालीस व्यापारिक संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से गुरुवार को क्लब पार्क स्थित स्वर्गीय अनिल यादव पत्रकार भवन में प्रेस क्लब गंजबासौदा सहित शहर के 45 व्यापारिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रतिबंधात्मक नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 सितंबर 2026 को नगर





में विशाल नशामुक्ति जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से आम नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रतिबंधात्मक नशे के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। "नशे को ना, जीवन को हाँ" का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला करता है। इसलिए नशे के खिलाफ लड़ाई केवल किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों से रैली में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर की यह रैली गंजबासौदा को नशामुक्त और स्वस्थ समाज बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

रुक-रुक कर दिन भर चला बारिश का दौर, तापमान में आई गिरावट



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर में सुबह से लेकर शाम तक नगर में रुक रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर चलता रहा। जिससे नदी, नालों का जल स्तर बढ गया एवं सड़कों पर पानी एकत्रित हो गया। यहां उल्लेखनीय है कि बुधवार को शाम से मौसम में बदलाव आया। आसमान में घने बादल छाए और तापमान में गिरावट आई। मौसम की जानकारी देने वाली बेवसाइटों ने आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। ज्ञात हो कि इस वर्ष पूर्व वर्ष की अपेक्षा कम बारिश हुई है। कम बारिश होने के चलते न तो नदी, नाले उफान पर आए हैं और न ही आसपास के तालाबों में जल भराव हो सका है, जिससे किसान एवं नागरिक चिंतित हैं।

मंच करेगा कार्यकर्ता स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ द्वारा शीघ्र ही जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में जिले भर से मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्धजन शामिल होंगे। यह निर्णय मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक व वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्राप्त दिशा-निर्देश के बाद मंच कार्यालय पर आयोजित बैठक मे लिया गया। बैठक मे कुरवाई तहसील संयोजक मोहम्मद यासिर खान कुरवाई को नियुक्त किए जाने की घोषणा भी की गई। मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' राष्ट्र प्रथम के संकल्प को मजबूत करना है। देश एवं राज्य में इस तरह के जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एडवोकेट असद नवेद ने बताया कि सम्मेलन में मंच के अखिल भारतीय अधिकारीगण, प्रदेश, संभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी मुख्य रूप से मार्गदर्शन देंगे। सम्मेलन के दौरान देशभक्ति गीत, शहीदों को श्रद्धांजलि और सामूहिक राष्ट्रगान भी होगा।

खबर संक्षेप

पीएनबी बैंक भू-तल में संचालित करने के निर्देश

गंजबासौदा। नगर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा प्रथम तल पर संचालित होने से उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा की जानकारी मिलने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक शाखा को भू-तल पर स्थानांतरित कर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाएं आम नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा हितग्राहियों के लिए सहज और सुलभ होना आवश्यक है। यहां उल्लेखनीय है कि कई वर्षों से पंजाब नेशनल बैंक प्रथम तल पर संचालित हो रही है। बैंक के लेन देन सहित अन्य आवश्यक कार्यों के चलते उपभोक्ताओं को बैंक की शखा में आना होता है। इस दौरान बुजुर्ग, मरीज, दिव्यांग उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसको लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं थी।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व राजीव गांधी की जन्म जयंती पर कांग्रेस जन शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में एकत्रित हुए। जहां ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, उप ब्लॉक कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी की प्रतिमा पर फूल, माला अर्पित कर एवं मरीजों को फल वितरण कर उनकी जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक जैन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन दुबे, सुनील बाबू पिंगले, रवि तिवारी, सत्य प्रकाश सेन, जवाहर सिंह रघुवंशी, प्रकाश मिश्रा, सुधीर उपाध्याय, जगदीश व्यास, अंसार मंसूरी, अमित दुबे पट्टू, जितेन दांगी, अभिषेक गुर्जर, अनिल पाठक, आनंद दुबे, लालाराम चंदेल, सुजीत सेन, रविंद्र रघुवंशी, यश अग्रवाल सहित युवक कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उप ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीडी शर्मा ने किया और आभार नगर कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत गुर्जर बंटी ने व्यक्त किया।

छः माह से लंबित मजदूरी का भुगतान कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कलेक्टर के निर्देश पर गत दिवस तहसील के सभागार में आयोजित खंडस्तरीय जनसुनवाई में दो मजदूरों की 6 माह से लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान कराया गया। आवेदक नीलेश कुशवाह एवं रविंद्र अहिरवार ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया था कि एक निजी होटल द्वारा उनसे माह फरवरी में कलर एवं पुट्टी का कार्य कराया गया था। लेकिन होटल संचालक द्वारा 15 हजार रुपये की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित होटल संचालक को तहसील कार्यालय में तलब किया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद तहसीलदार ने होटल



संचालक को बकाया राशि का भुगतान करने के आदेश दिए। आदेश के बाद संबंधित होटल संचालक तहसील कार्यालय पहुंचा और आवेदकों नीलेश कुशवाह एवं रविंद्र अहिरवार को 15 हजार रुपये की राशि का तत्काल नकद भुगतान किया। जनसुनवाई में त्वरित निराकरण होने पर दोनों आवेदकों ने प्रशासन और तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। अधिकारियों ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

सेवा केन्द्र पर रक्तदान शिविर आज

गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया है। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मानवता की धड़कनों को जीवन देने वाला एक आध्यात्मिक जनआंदोलन विशाल रक्तदान शिविर मानवता की सेवा के लिए रखा गया है जब किसी अनजान व्यक्ति की धड़कनें आपके रक्त से फिर से चलने लगती हैं, तब वह केवल रक्तदान नहीं होता वह मानवता के प्रति आपका प्रेम बन जाता है। इस महान सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी के समाज सेवा प्रभाग द्वारा सम्पूर्ण भारत एवं नेपाल में विश्व बंधुत्व रक्तदान अभियान 2026 आयोजित किया जा रहा है। यह केवल रक्तदान शिविरों की श्रृंखला नहीं, बल्कि आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रीय एकता और विश्व बंधुत्व को समर्पित एक व्यापक जनआंदोलन है।

गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित

गंजबासौदा। विगत दिनों दादजी प्लाजा में दिशा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में गीत संगीत का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बासौदा सहित विदिशा, भोपाल के गायकों ने गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर के पूर्व सैनिक भी सम्मिलित हुऐ। कार्यक्रम का संचालन भोपाल के दिशा ग्रुप के संचालक दीपक दीवाना ने किया तथा आभार दिशा ग्रुप की संचालिका बबीता सुरेश जैन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर आरसी शर्मा, पार्षद नीलू चौबे, मनीष विश्वकर्मा, विपिन तिवारी, डॉक्टर ऐके जैन, सतनाम सिंह राजपूत, मुकेश राजपूत, अमान सिंह राजपूत, जगदीप सिंह राजपूत ने गायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पत्रकारों ने दी मगन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि



गंजबासौदा। पत्रकार साथी गगन दुबे के छोटे भाई और माँ अन्नापूर्ण सेवा समिति के संस्थापक और जरुरतमंदो को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराने वाले समाजसेवी मगन दुबे का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। गुरूवार को प्रेस क्लब गंजबासौदा के सदस्य और पत्रकारगण स्व मगन जी को श्रद्धांजलि देने उनके निवास नानाजी वाली गली पहुँचे। जहां दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब गंजबासौदा द्वारा अन्नपूर्णा सेवा समिति को भोजन के लिए सहयोग राशि भी भेंट की गई।

एसडीएम ने किया निरीक्षण



गंजबासौदा। एसडीएम अनुभा जैन ने वेयर हाउस एवं वार्ड नंबर 7 स्थित राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान वेयर हाउस में रिकार्ड की जांच की गई। वहीं राशन दुकान पर भी अनेक अनियमितताऐं पाई गईं, ग्राहकों को पीओएस से पर्ची नहीं दी जाती, नमक कागज में तो दिया जाता है लेकिन हितग्राही नमक नहीं ले जाते।

हाईवे के निर्माण के दौरान बरती गई भारी लापरवाही

अंडरपास न बनने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय राजमार्ग NH-346 के निर्माण के दौरान एक बड़ी तकनीकी व प्रशासनिक लापरवाही देखने के मिली है। जिससे 25 से अधिक गांवों की जनसुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। सकरौली, जोगी किरोंदा और गंजबासौदा के बीच मुख्य मार्ग पर अंडरपास देने के बजाय सीधी क्रॉसिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़े हादसों की आशंका गहरा गई है। इस अनदेखी के खिलाफ उग्र हुए ग्रामीणों ने गत दिवस शिवसेना के प्रतिनिधियों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें राजमार्ग की निर्माण डिजाइन में तत्काल सुधार की मांग की गई। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया कि गंजबासौदा इस पूरे क्षेत्र का मुख्य आर्थिक, शैक्षणिक और चिकित्सा केंद्र है। जोगी किरोंदा, जाठौदा, फूफेर, निचरोन, पैरवासा जैसे ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों छात्र-छात्राएं रोजाना उच्च शिक्षा और कोचिंग के लिए इसी रास्ते से बासौदा शहर आते-जाते हैं। इसके अतिरिक्त, किसानों, पशुपालकों, मजदूरों और आम नागरिकों को कृषि कार्यों, दैनिक जरूरत के सामान और रेल यातायात के लिए दिन में कई बार इस मार्ग को पार करना पड़ता है। चौबीसों घंटे पैदल यात्रियों, स्थानीय वाहनों और मवेशियों की भारी आवाजाही के बीच तेज रफ्तार हाईवे पर सीधी क्रॉसिंग किसी बड़े खतरे से कम नहीं होगी। अंडरपास न बनने की स्थिति में दो दर्जन से अधिक गांवों के निवासियों की सुरक्षा सीधे तौर पर दांव पर लग गई है। ज्ञापन सौंपते समय ग्रामीणों व शिवसेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चूंकि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है, इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट की डिजाइन में संशोधन कर अंडरपास का प्रावधान करना पूरी तरह व्यावहारिक और संभव है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी ने इस जायज मांग पर ध्यान नहीं दिया, तो यहां प्रतिदिन जानलेवा दुर्घटनाएं होंगी। ऐसी स्थिति में जनआक्रोश के चलते कानून-व्यवस्था बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान शिवसेना जिलाध्यक्ष लोकेंद्र ठाकुर, रामसिंह दांगी, शिवराज सिंह दांगी, विष्णु शर्मा, देवेंद्र दांगी, धर्मेंद्र राजपूत, शेखर दांगी, धर्मेंद्र दांगी, राजकुमार दांगी, राधेश्याम दांगी, इन्द्राज दांगी, शैलेन्द्र बघेल, हजरत सिंह, रानू शुक्ला, बृजेंद्र ठाकुर, शैलेंद्र दांगी, राजू कुशवाह, सुरेश कुशवाह, ज्ञानु नामदेव, मोहित ठाकुर अभिषेक दांगी, आदर्श शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, गोविंद ठाकुर, राजेश परिहार, नितेंद्र दांगी, हेमंत दांगी, कार्तिक दांगी, अरविंद दांगी, रवि राजपूत, जीत राजपूत, नितेश दांगी हरिओम शाक्य, निर्भय कुशवाह, प्रशांत दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिव सैनिक मौजूद रहे।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

गंजबासौदा। गत दिवस तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रदेश में कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारीयों को महंगाई का सामना करने के लिए 2% महंगाई भत्ता, महंगाई राहत एक जनवरी 2026 से प्रदान करने के आदेश शीघ्र किए जाने, नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति के 3 वर्ष तक 70, 80, 90% का बंधन हटाए जाने की मांग की गई। जिससे 3 वर्ष में कर्मचारियों को लाखों रुपए का नुकसान होता है। उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा भी 12 दिसंबर 2019 के इस आदेश को निरस्त कर दिया है, अनुकंपा नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदोन्नति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त करने, सीपीसीटी के कारण कई कर्मचारियों की सेवा समाप्त होने से परिवारों पर संकट है, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं ताकि कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारीयों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर लाभ मिले, ई अटेंडेंस प्रणाली को समाप्त किया जाए आदि मांगे शामिल हैं।

अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस अखिल विश्व गायत्री परिवार बासौदा इकाई की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई थी। जिसका अनुमोदन समन्वयक, मध्य प्रदेश जोन शान्ति कुंज हरिद्वार द्वारा कर दिया गया है। इसके अंतर्गत श्याम सुंदर माथुर एडवोकेट को तहसील समन्वयक, पूनम तिवारी को सह समन्वयक, महेंद्र दिवाकर को सह समन्वयक रिकॉर्ड एवं रिपोर्टिंग, वेद प्रकाश खरे को मंडल विस्तार, सुनीता दिवाकर को नारी जागरण, अर्चना मिश्रा को आओ गढ़ै संस्कारवान युवा पीढ़ी, चेतन माथुर को युवा जोड़ो अभियान, सुरेश सैनी को संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गोविंद माथुर को साधना एवं स्वाध्याय, अनुराधा श्रीवास्तव को पर्यावरण एवं जल संरक्षण, मलखान सिंह राजपूत को शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला, शकुन अग्रवाल को स्वावलंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण, अभिषेक पटेल को नशा मुक्ति, व्यसन, कुरीति उन्मूलन एवं आदर्श ग्राम, मुकेश



पांडे को साहित्य एवं पत्रिका विस्तार, कृष्ण कुमार दुबे को स्वास्थ्य एवं रघुवीर सिंह परिहार को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के पश्चात जिला समन्वयक मुकेश तिवारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गंजबासौदा के प्रभारी राम कटियार के मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी को उनके उत्तरदायित्व के वप्रति आगाह किया गया। उन्हें बताया गया कि वर्तमान में यह वर्ष वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष है। गुरुजी की साधना के 100 वर्ष की वर्षगांठ एवं शांति कुंज हरिद्वार में जल रही अखंड ज्योति के भी 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस कार्य में कोई भी कार्यकर्ता पीछे ना रहे। यही हमारी गुरुजी के प्रति सच्ची आस्था होगी। इस अवसर पर गायत्री परिवार के अनेक परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तहसील समन्वयक एडवोकेट श्याम सुंदर माथुर द्वारा किया गया।

बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। गुरुवार को पचमा बायपास एवं बरेठ रोड पर बिजली प्रदाय बंद रहा। जिसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप

प्रो. संजय जैन ओम्बुड्स पर्सन नियुक्त

सागर। विवि के फार्मेसी विभाग के सेवा निवृत्त प्रो. संजय जैन को यूजीसी के प्रावधानों के तहत विश्वविद्यालय के ओम्बुड्स पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया है। विवि के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के अनुमोदन उपरांत उनकी यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर विश्व विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

सागर। माह अगस्त 2026 में मनाए जाने वाले मिलाद-उन-नबी त्यौहार के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 21 अगस्त को शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में त्यौहार के दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में व्यवस्थाओं एवं तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।

युवा संगम का आयोजन 24 अगस्त को

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन व निर्देशन में युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 24 अगस्त को शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर म.प्र. (गर्ल्स डिग्री कॉलेज) के परिसर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

दो वक्त की रोटी के लिए भी दूसरों का सहारा, रात में जंगली जानवरों का डर

मजबूरी की इंतहा: श्मशान घाट में गुजर रही बुजुर्ग दंपती की जिंदगी, सिर पर छत नहीं

कभी अपना था घर, आज श्मशान घाट बना आशियाना, 63 वर्षीय हरिनारायण विश्वकर्मा पत्नी रामरति बाई के साथ जी रहे हैं दर्दभरी जिंदगी

राजीव जैन ⏭ सिरोंज



यह सुनकर शायद किसी को भी बड़ा आश्चर्य होगा कि एक पति-पत्नी अपना पूरा जीवन श्मशान घाट में गुजार रहे हैं। जिस स्थान पर लोग अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने के बाद लौट जाते हैं, जहां शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है और रात होते ही आम व्यक्ति वहां जाने से भी कतराता है, उसी श्मशान घाट को एक बुजुर्ग दंपती ने अपना घर बना लिया है।

यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसी सच्चाई है, जो समाज और व्यवस्था दोनों के सामने कई सवाल खड़े करती है। 63 वर्षीय हरिनारायण विश्वकर्मा अपनी पत्नी रामरति बाई के साथ श्मशान घाट में निवास कर रहे हैं। इस बुजुर्ग दंपती की कोई संतान नहीं है। जीवन के उस पड़ाव पर जब व्यक्ति को परिवार, समाज और व्यवस्था के सहारे की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तब यह पति-पत्नी खुले आसमान के नीचे और श्मशान घाट के सन्नाटे के बीच अपनी जिंदगी काटने को मजबूर हैं। शासन द्वारा गरीबों, बेसहारा लोगों और जरूरतमंद परिवारों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक सरकार का उद्देश्य जरूरतमंदों को छत और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद हरिनारायण और उनकी पत्नी की हालत देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इतनी योजनाओं के बाद भी यह बुजुर्ग दंपती आज तक सुरक्षित आवास से क्यों वंचित है।

दो वक्त की रोटी के लिए भी करना पड़ता है संघर्ष

हरिनारायण और उनकी पत्नी की जिंदगी का सबसे बड़ा संघर्ष केवल रहने के लिए जगह ढूंढना ही नहीं, बल्कि दो वक्त के भोजन की व्यवस्था करना भी है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर इस दंपती के पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। यही कारण है कि उनके भोजन की व्यवस्था भी मुख्य रूप से शहर में संचालित सहयोग संस्था के माध्यम से होती है। हरिनारायण बताते हैं कि वह प्रतिदिन अपनी पत्नी के साथ लगभग एक किलोमीटर का सफर तय कर भोजन लेने के लिए सहयोग संस्था तक पहुंचते हैं। वहां उन्हें सुबह के समय भोजन के रूप में रोटियां और सब्जी मिलती है। पति-पत्नी को मिलने वाली लगभग 10 रोटियों में से वे कुछ रोटियां सुबह खाते हैं और बची हुई रोटियों को शाम के भोजन के लिए बचाकर रख लेते हैं। इसी तरह किसी प्रकार दोनों का दो वक्त का भोजन पूरा हो पाता है। कभी-कभी जब हरिनारायण काम की तलाश में या अन्य किसी कार्य से शहर में घूमते हैं तो कुछ संवेदनशील लोग उन्हें भोजन के लिए रोटी-सब्जी दे देते हैं। ऐसे लोगों की मदद से उस दिन कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन हर दिन भोजन की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं है।

कभी राणापुर में था अपना मकान, परिवार बिखरा तो छिन गया आशियाना

हरिनारायण विश्वकर्मा ने हरिभूमि को अपनी दर्दभरी कहानी सुनाते हुए बताया कि एक समय उनका भी अपना घर हुआ करता था। वह शहर के वार्ड क्रमांक 17 राणापुर क्षेत्र में रहते थे। उस समय परिवार में तीन भाई थे और उनका जीवन सामान्य रूप से चल रहा था। लेकिन समय के साथ परिस्थितियां बदलती चली गईं। हरिनारायण बताते हैं कि उनके दो भाइयों की मृत्यु हो गई। इसके बाद परिवार की परिस्थितियां बदल गईं। उनका आरोप है कि परिवार के कुछ लोगों ने उनका मकान बेच दिया और उन्हें घर से बाहर कर दिया। उनके अनुसार, संबंधित परिजन वर्तमान में इंदौर में निवास कर रहे हैं। घर से बेघर होने के बाद हरिनारायण और उनकी पत्नी के सामने सबसे बड़ी समस्या सिर छिपाने के लिए जगह की खड़ी हो गई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्होंने शहर में कई स्थानों पर रहने का प्रयास किया। जहां कहीं थोड़ी बहुत जगह मिली, वहां अस्थायी रूप से अपना ठिकाना बनाने की कोशिश की। लेकिन उनका कहना है कि उन्हें हर जगह से भगा दिया गया।

बारिश आती है तो चबूतरे के नीचे काटनी पड़ती है रात

हरिनारायण और रामरति बाई जिस स्थान पर रहते हैं, वह चारों तरफ से खुला हुआ है। वहां न तो कोई मजबूत दीवार है और न ही बारिश और धूप से बचने के लिए पर्याप्त व्यवस्था। गर्मी के दिनों में तेज धूप, सर्दियों में ठंड और बारिश के मौसम में पानी उनके लिए बड़ी परेशानी बन जाता है। हरिनारायण बताते हैं कि जब तेज बारिश होती है तो उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रात बिताने की होती है। ऐसे समय उन्हें श्मशान घाट के आसपास बने चबूतरों के नीचे बैठकर या किसी तरह वहां शरण लेकर रात गुजारनी पड़ती है। उनके पास दो थैलियों में उनकी गृहस्थी और जरूरी सामान रखा रहता है। बारिश शुरू होते ही उनकी चिंता बढ़ जाती है कि कहीं उनके थैलों में रखा सामान भीगकर खराब न हो जाए। कपड़े, बर्तन और लकड़ी का काम करने के लिए जरूरी औजार यही उनकी छोटी-सी गृहस्थी है। एक सामान्य परिवार के लिए यह मामूली सामान हो सकता है, लेकिन हरिनारायण और उनकी पत्नी के लिए यही उनकी पूरी दुनिया है।

कभी थे अच्छे लकड़ी के कारीगर आज भी साथ रखते हैं अपने औजार

हरिनारायण विश्वकर्मा केवल बेसहारा बुजुर्ग नहीं हैं, बल्कि एक हुनरमंद कारीगर भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने हाई स्कूल से लेकर हायर सेकंडरी तक की शिक्षा प्राप्त की है। एक समय वह लकड़ी के काम के अच्छे कारीगर हुआ करते थे और अपने हुनर से परिवार का पालन-पोषण करते थे। आज भी उनके पास लकड़ी का काम करने के कुछ औजार मौजूद हैं। वह इन औजारों को अपने साथ ही रखते हैं। हरिनारायण कहते हैं कि यदि कहीं उन्हें लकड़ी का कोई छोटा-मोटा काम मिल जाता है तो वह अपनी उम्र और क्षमता के अनुसार उसे कर लेते हैं। कभी कोई सामान सुधारना, कभी लकड़ी से जुड़ा छोटा काम करना जो भी काम मिल जाता है, उसे करके कुछ रुपए कमा लेते हैं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ काम करने की क्षमता पहले जैसी नहीं रही और नियमित रूप से काम भी नहीं मिलता। इसलिए उनकी आमदनी का कोई निश्चित साधन नहीं है। एक समय अपने हुनर से जीवन चलाने वाला व्यक्ति आज भी अपने औजारों को संभालकर इस उम्मीद में रखे हुए है कि शायद कहीं से कोई काम मिल जाए और उस दिन की जरूरतें पूरी हो जाएं।

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

अनुश्री होटल में फ्रिज से मिली बीयर की बोतल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

आगामी त्योहारों के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और दुग्ध उत्पादों सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने नगर में बड़ी कार्रवाई की। जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओम नारायण बड़कुल के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों एवं होटलों पर पहुंचकर खाद्य सामग्री की जांच की। कार्रवाई के दौरान टीम ने चांदनी चौक स्थित मिठाई दुकानों पर पहुंचकर मावा, बर्फी सहित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की और नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सामग्री की जांच के दौरान मिली बीयर

संयुक्त टीम जब कुरवाई रोड स्थित अनुश्री होटल में जांच के लिए पहुंची तो वहां भी खाद्य सामग्री, साफ-सफाई और पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की गई। इसी दौरान एसडीएम ओम नारायण बड़कुल की नजर होटल में रखे एक फ्रिज पर पड़ी। फ्रिज की जांच करने पर उसमें विदेशी मदिरा बीयर की बोतलें रखी मिलीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल आबकारी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही आबकारी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर अपनी टीम के साथ होटल पहुंचे और होटल संचालक एवं वहां मौजूद स्टाफ से बीयर रखने एवं विक्रय से संबंधित लाइसेंस, पास अथवा परमिट प्रस्तुत करने को कहा। जिस पर होटल संचालक एवं स्टाफ द्वारा मौके पर आवश्यक परमिट अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जिस पर आबकारी विभाग ने मामले की जांच करते हुए अनुश्री होटल के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की।

इनका कहना है

क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर लगाकर कार्रवाही की जा रही है। बुधवार को एसडीएम के निर्देश पर अनुश्री होटल पर जब जांच की गई तो होटल के फ्रिज में अवैध रूप से विदेशी मदिरा बीयर की मिली। जिसका होटल संचालक द्वारा कोई पास परमिट प्रस्तुत नही किया गया। वही मध्यप्रदेष आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, उप निरीक्षण आबकारी अधिकारी सिरोंज

मिठाई दुकानों व होटलों पर सैंपल की कार्यवाही की गई है। वही साफ-सफाई व एक्सपाइरी डेट की सामग्री जांच के दौरान मिली। इसको लेकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

खुदसिया खान, खाद्य विभाग विदिशा

तुलसीदास जयंती पर जनकपुरी मंदिर में गूंजा राम नाम

गढ़ाकोटा। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर नगर के श्री जनकपुरी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में राम नाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, वरिष्ठजनों और रामभक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के स्मरण और गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। नगर की प्रभात भेरी एवं जनकपुरी भजन मंडली के कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा, सत्य, त्याग और धर्म का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उनकी रचनाएं आज भी समाज को संस्कार, सदाचार और कर्तव्यबोध की सीख दे रही हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और महापुरुषों के विचारों से जोड़ना जरूरी है।

श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव में हुआ विशाल निरंकारी सत्संग, गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती मनाई

सागर। झूलेलाल चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को संत कंवरराम वार्ड स्थित हाल में विशाल निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। शाम 7 से रात 9 बजे तक आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग की अध्यक्षता कोल्हापुर (महाराष्ट्र) से आए निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज महात्मा अमनलाल की हजूरी में हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देते हुए मानव जीवन में प्रेम, भाईचारे और सद्भावना का महत्व बताया गया।

बरसों पुराने स्कूल भवन को जन भागीदारी से सर्व सुविधा युक्त भवन बनवाया

जिला मुख्यालय पर प्राचार्य केके बानी हुए सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प करने वाले प्राचार्य के. के. बानी को 15 अगस्त पर जिला मुख्यालय रायसेन में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एस. आई. आर. के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा दिया गया।

प्राचार्य बानी द्वारा बरसों पुराने स्कूल भवन को जन भागीदारी एवं सहयोग से दो मंजिला नवीन सर्व सुविधा युक्त स्कूल भवन बनवाया गया जिसमें विद्यार्थियों के लिए आधुनिक लैब, पुस्तकालय एवं प्रोजेक्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान समय के अनुसार विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन सुविधा की भी शुरूआत की गई । विद्यालय परिसर में पेपर ब्लॉक, खेल ग्राउंड, बाउंड्री वॉल जैसे अनेक विकास कार्य करा कर विद्यालय को सर्व सुविधा युक्त बनाया ।

मंत्री पटेल रह चुके हैं इसी विद्यालय के विद्यार्थी

बरसों पुराने इस विद्यालय में अनेक ऐसे विद्यार्थी अध्ययन कर चुके हैं, जो कि वर्तमान में सामाजिक, राजनैतिक, औद्योगिक क्षेत्र में है। वर्तमान में क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी इस विद्यालय के विद्यार्थी रह चुके हैं। विद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री पटेल द्वारा अनेकों बार उनके अध्ययन काल के संस्मरणों एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मिली शिक्षा की बात कही गई है। मंत्री पटेल ने कहा कि मैं प्राचार्य के. के. बानी को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मानित कर अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं माननीय मंत्री का कहना है कि मैं इस स्कूल में पढ़ा हूं शिक्षा अध्ययन की ऐसे स्कूलों में और विकास के लिए आवश्यकता पड़ेगी तो मैं मेरी सरकार स्कूल के लिए सहयोग करने में पीछे नहीं रहेगी स्कूल का खेल एवं विकास में कभी बाधा नहीं आने दूंगा।और मुझे हर्ष है कि जिस विद्यालय में मैंने अध्ययन किया और उन्ही संस्कारों और विचारों के कारण मैं आज इस मुकाम पर हूं और जनता की सेवा कर रहा हूं ऐसे में मेरे द्वारा प्राचार्य के. के. बानी को सम्मानित किया जाना मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य का विषय है।

बस नहीं रोकने और अभद्रता की शिकायत एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बस किराया कम करने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



गुरुवार को नगर के शासकीय एवं अशासकीय स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने एकत्रित होकर बस किराया कम करने एवं अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर रैली निकाली। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से नगर में पढ़ाई के लिए आने वाले विद्यार्थियों के साथ कुछ बस संचालकों द्वारा अभद्रता की जाती है। साथ ही बसों को छात्र-छात्राओं के लिए नहीं रोका जाता और उनसे अधिक किराया वसूले जाने की शिकायत भी की गई। छात्र-छात्राओं ने प्रशासन से मांग की.ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए बसों को निर्धारित स्थानों पर रोका जाए तथा छात्र-छात्राओं से लिया जाने वाला बस किराया कम किया जाए, जिससे उन्हें आवागमन में परेशानी न हो। इस संबंध में एसडीएम अंकित जैन ने छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया कि परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं बस संचालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और समस्या का उचित निराकरण कराया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस पर मैदान में भरा पानी

छींद धाम की माध्यमिक शाला जर्जर, बच्चों की जोखिम भरी स्थिति में पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में छींद धाम हनुमान मंदिर की ख्याति है। छींद ग्राम की सरकारी माध्यमिक शाला की लंबे समय से जर्जर क्षतिग्रस्त स्थिति बनी हुई है। स्थान स्थान पर पन्नी लगाकर गिरते पानी में बच्चों को बैठाया जाता है। स्कूल की बदहाल जोखिम भरी स्थिति के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल प्रांगण में लगभग 1 फीट पानी भरा रहने और कीचड़ गंदगी के बीच राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

स्कूल गेट पर नाली

छींद धाम मंदिर जाने के मुख्य मार्ग के एक किनारे पर माध्यमिक शाला लगती है। जिसकी छत दीवाले क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुकी है। गेट के सामने नाली और गंदगी बनी रहती है। स्कूल में नाली में भरा पानी और गंदगी के बीच छात्र-छात्राओं को स्कूल में कूदते फांदते हुए किसी प्रकार प्रवेश करना पड़ता है ।पानी और गंदगी से पैर और ड्रेस खराब भी हो जाते हैं ।

नाली पर बना दिया शौचालय

ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि यशपाल सिंह रघुवंशी ने कहा कि टॉयलेट बनाने एक



लाख पचास हजार रूपए की राशि स्कूल को मिली गांव के पानी निकासी वाली नाली पर स्कूल प्रबंधन द्वारा शौचालय बना दिया गया, और अब पूरा गांव और बच्चे परेशान हो रहे हैं। डेढ़ लाख की राशि खर्च किए जाने में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच और कार्यवाही की मांग की है।

सद्भावना से सामाजिक समरसता और अक्षय ऊर्जा से ही सतत विकास संभव : प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता

विद्यार्थियों को सेवा, सद्भावना और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सद्भावना दिवस एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत अक्षय ऊर्जा दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सद्भावना, सेवा भावना, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल पाठ्यक्रम और परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण का महत्वपूर्ण काल है। विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत से जुड़कर अपने जीवन-मूल्यों को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रास, एनसीसी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर प्रदान करती हैं। सेवा, सद्भावना, अनुशासन, सहिष्णुता और सहयोग जैसे मूल्यों को व्यवहार में उतारकर ही एक जिम्मेदार नागरिक का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के समाज और राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे, इसलिए उनमें संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित होना आवश्यक है।

रसायनशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. शुचिता अग्रवाल ने अक्षय ऊर्जा पर व्याख्यान देते हुए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं जलविद्युत ऊर्जा के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने अक्षय ऊर्जा के महत्व, इसके पर्यावरणीय लाभ तथा भविष्य में ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमर कुमार जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों से विद्यार्थियों को परिचित कराया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली/खरगोन

गुरुवार को अहमदपुर तिराहे पर मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ठा. रंजीत सिंह रघुवंशी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने उमंग सिंघार जिंदाबाद के नारे लगाकर नेता प्रतिपक्ष का अभिनंदन किया।स्वागत कार्यक्रम में खरगोन मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष धीरेन्द्र रघुवंशी एवं जामगढ़ मंडलम अध्यक्ष शशि पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन की मजबूती से ही हम जनता की आवाज को मजबूती से उठा पाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय रहने और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में आगामी रणनीति पर लिया जाएगा निर्णय

शिक्षकों का परीक्षा की फीस और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सरकारी स्कूलों में कार्यरत नियमित शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद अब परीक्षा की फीस और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। जिले के नियमित शिक्षकों ने फिलहाल टीईटी परीक्षा का फॉर्म नहीं भरने का निर्णय लिया है। शिक्षकों का कहना है कि जब शासन प्रशासन द्वारा परीक्षा आयोजित कराई जा रही है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी भी शासन को ही उठानी चाहिए। शिक्षकों से परीक्षा के नाम पर करीब एक हजार रुपए फीस लेना उचित नहीं है। शिक्षकों का यह भी कहना है कि परीक्षा ऑनलाइन कराने की तैयारी की जा रही है। जबकि बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं। जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक है। लंबे समय से शिक्षण कार्य कर रहे इन शिक्षकों के लिए ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था असुविधाजनक हो सकती है। उनका कहना है कि वर्षों से स्कूलों में सेवाएं देने के बाद अब उन्हें ऐसी परीक्षा व्यवस्था में शामिल किया जा रहा है। जिसमें तकनीकी प्रक्रिया की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



अभी तक परीक्षा देने वाले शिक्षकों की सूची नहीं बनी

शिक्षकों के मुताबिक शासन प्रशासन ने टीईटी परीक्षा को अनिवार्य करने का निर्णय तो लिया है।लेकिन अभी तक परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों की अंतिम सूची तैयार नहीं हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायसेन स्तर से परीक्षा देने वाले शिक्षकों की बाकायदा सूची तैयार की जानी चाहिए। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जिले में कितने शिक्षक परीक्षा में शामिल होंगे और कितने शिक्षक इससे बाहर रहेंगे। शिक्षकों का कहना है कि जब तक परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों की स्थिति स्पष्ट नहीं होती। तब तक आगे की प्रक्रिया को लेकर भी असमंजस बना रहेगा। सूची बनने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कौन शिक्षक परीक्षा में शामिल होगा और कौन नहीं।

ऑनलाइन नहीं, ऑफलाइन परीक्षा कराने की मांग.

परीक्षा को ऑनलाइन कराए जाने का भी शिक्षक विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि टीईटी जैसी परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से कराई जानी चाहिए। शिक्षकों के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा में तकनीकी दिक्कतों के अलावा उम्रदराज शिक्षकों के सामने भी कई व्यावहारिक समस्याएं आ सकती हैं। इसलिए परीक्षा को ओएमआर शीट के माध्यम से ऑफलाइन कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए। शिक्षकों का कहना है कि कई शिक्षक लंबे समय से सरकारी स्कूलों में नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे शिक्षकों की कार्यक्षमता और शिक्षण अनुभव को देखते हुए परीक्षा की प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक होनी चाहिए। परीक्षा का उद्देश्य शिक्षकों की योग्यता का आकलन करना है, न कि उन्हें फीस और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अतिरिक्त परेशानी में डालना।

फीस लेने का विरोध, शासन उठाए परीक्षा का खर्च

शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष हरिराम विश्वकर्मा, अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष सीताराम रायकवार उम्मेद सिंह ठाकुर सूर्यप्रकाश सक्सेना सहित शिक्षकों के अनुसार टीईटी परीक्षा के लिए शासन ने फीस निर्धारित की है। शिक्षकों का कहना है कि यदि शासन ने नियमित शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने का निर्णय लिया है तो परीक्षा आयोजित कराने का खर्च भी शासन को ही वहन करना चाहिए। शिक्षकों से परीक्षा शुल्क लेना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। इसी मुद्दे को लेकर रायसेन जिले के नियमित शिक्षकों ने फिलहाल परीक्षा फॉर्म नहीं भरने का निर्णय लिया है। शिक्षकों का कहना है कि यह निर्णय किसी एक शिक्षक का नहीं। बल्कि परीक्षा व्यवस्था को लेकर बनी सामूहिक असहमति का परिणाम है। आने वाले दिनों में शिक्षकों की बैठक आयोजित कर इस मामले में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

23 अगस्त को बैठक में तय होगी रणनीति

मप्र शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा की बैठक आगामी 23 अगस्त को आयोजित होने की जानकारी दी गई है। इस बैठक में टीईटी परीक्षा को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। परीक्षा शुल्क, ऑनलाइन परीक्षा व्यवस्था और नियमित शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। शिक्षकों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर शासन स्तर से सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो सभी शिक्षक संघ आगामी दिनों में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के साथ अन्य लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज करा सकता है। मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह ठाकुर ने कहा कि शासन द्वारा टीईटी की परीक्षा कराए जाने का निर्णय लिया गया है तो परीक्षा ऑफलाइन होनी चाहिए। परीक्षा शासन करा रहा है तो शिक्षकों से फीस क्यों ली जा रही है।इस पर भी विचार होना चाहिए। इन समस्याओं को लेकर जल्द ही बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के बाद संघ अपनी आगामी रणनीति तय करेगा।

इनका कहना है

शिक्षकों की टीईटी परीक्षा शासन स्तर पर कराई जाएगी। फिलहाल परीक्षा की तारीख तय नहीं हुई है। तारीख आने के बाद जिलेभर में टीईटी की परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से कराई जाएगी।

डीडी रजक, डीईओ रायसेन

अधिकारियों ने किसानों को किया शांत

संजय नगर स्थित खाद गोदाम पर ई-टोकन सिस्टम को लेकर किसानों ने हंगामा किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के संजय नगर स्थित विपणन विभाग के खाद गोदाम पर गुरुवार को सुबह किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। शासन प्रशासन द्वारा दोबारा से ही ई टोकन व्यवस्था लागू करने के मामले में किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया ।और नारेबाजी करके हंगामा खड़ा कर दिया सूचना मिलते ही राजस्व अधिकारी सहित कृषि विभाग कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल और एसडीएम मनीष शर्मा मौके पर पहुंचे। नाराज किसानों को जानकारी देकर जैसे तैसे मामला शांत किया। इसके पूर्व किसानों ने जमकर खाद गोदाम परिसर में नारेबाजी की और हंगामा खड़ा कर दिया ।कुछ गुस्साए किसान नेशनल हाईवे भोपाल रोड के सामने सड़क पर बैठ गए। और चक्काजाम शुरू कर दिया। मालूम हो कि किसान सरकार द्वारा बंद किए गए कि ई टोकन व्यवस्था को दोबारा से लागू करने के लेकर नाराज थे ।और इसे बंद किए जाने का विरोध कर रहे थे। जिला विपणन अधिकारी कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि किसान अब एक बार में ले सकेंगे पात्रता अनुसार मनचाही मात्रा में खाद।

खास बातें

- एक बार में पूरी खाद : इसमें किसान अब एक बार में ही पात्रता के अनुसार मनचाही मात्रा में खाद ले सकेंगे। मोबाइल पर ही टोकन बनाने की सुविधा मिलेगी।
- हेल्पलाइन नंबर : टोकन से संबंधित कोई समस्या है तो हेल्पलाइन नंबर 7880225344 पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसका माध्यम से समाधान का समय किया जाएगा।
- 48 घंटे का समय : तहसीलदार या अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को 48 घंटे के अंदर वेरिफिकेशन करना होगा।
- टोकन कैंसिल सुविधा : किसान द्वारा टोकन बनाने के 24 घंटे बाद उसे निरस्त करने की सुविधा भी दी गई है।

मोबाइल से बनेगा टोकन, 24 घंटे में कैंसिल करने की

रायसेन जिले में पर्याप्त खाद होने के बाद भी किसान परेशान होते हैं। यह स्थिति न बने इसके लिए ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समन्वय) प्रणाली 2.0 बनाई गई है। इसमें ई-टोकन के माध्यम से खाद बिक्री की व्यवस्था की गई है। उधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि उत्पादन आयुक्त से कहा कि अध्यक्षता में समिति बनाई गई, जिसके आधार पर कृषि विभाग ने ई-विकास प्रणाली 2.0 तैयार की है, जो गुरुवार से लागू हो चुकी है।

क्यों लाई गई नई खाद वितरण व्यवस्था? पहले 50 शब्दों में कारण लिखने की बाध्यता को भी हटा दिया है। पहले किसान बार-बार में 25 प्रतिशत अतिरिक्त खाद खरीद सकता था। राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के गोदाम पर 300 टोकन प्रतिदिन से अधिक टोकन बनाने की सुविधा भी दी गई है।

नई प्रणाली में खाद की गणना

अलग-अलग होती थी, इसे समाप्त करके अब प्रति हेक्टेयर के अनुसार कर दिया गया है। फसल खराब होने पर किसान फिर से खाद की मांग कर सकेगा।उप संचालक कृषि विभाग के अधिकारी केपी भगत ने बताया कि नई व्यवस्था से पारदर्शिता आएगी और कालाबाजारी पर रोक लगेगी।

यहां संजय खरे प्रांत संयोजक नियुक्त

सिलवानी। हिंदु संगठनो के सक्रिय कार्यकर्ता संजय कुमार खरे डाबरी को अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल का प्रांत संयोजक नियुक्त किया गया। यह नियुक्ती अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक कंहैया रामकृष्ण तिवारी के द्वारा की गई। उनकी नियुक्ती पर कार्यकर्ताओ, मित्रो, परिजनो आदि ने बधाई दी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार माना।

मां नर्मदा के तट से शुरू होगी कांवड़ यात्रा

नर्मदा जल लेकर शिवालय प्रांगण पहुंचेंगे शिवभक्त कल निकलेगी कांवड़ यात्रा

बाड़ी। श्रावण मास की पावन आस्था और भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा के भाव को लेकर नगर में 22 अगस्त दिन शनिवार को भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां नर्मदा की अविरल धारा से पवित्र जल लेकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। आयोजन की शुरुआत प्रातः 6 बजे मां नर्मदा के पावन तट से होगी। श्रद्धालु नर्मदा जल लेकर कांवड़ यात्रा के रूप में रवाना होंगे और बोल बम ' हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवालय प्रांगण ब्लॉक कॉलोनी बाड़ी पहुंचेंगे। यात्रा के दौरान धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा। आयोजक मंडल के अनुसार यह यात्रा भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था श्रद्धा और सेवा भाव का संदेश लेकर निकाली जा रही है। आयोजन स्थल एवं यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के स्वागत और आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन सनातन सेवा मंडल बाड़ी द्वारा किया जा रहा है। आयोजक मंडल ने नगर एवं क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां नर्मदा का पवित्र जल अर्पित करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। ह्वआस्था का संकल्प' सेवा का पथ ह्व के संदेश के साथ निकलने वाली यह कांवड़ यात्रा नगर में धार्मिक उत्साह और शिवभक्ति का विशेष केंद्र बनेगी।

नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई का सफल चार साल का कार्यकाल

चार साल बेमिसाल: विकास के दम पर आगे बढ़ रहा गैरतगंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

स्थानीय नगर परिषद के सामुदायिक भवन में आज एक गरिमाममय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई के सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि, नवनियुक्त एल्डरमैन, तहसीलदार अमृता सुमन, थाना प्रभारी डीपी लोहिया सहित नगर परिषद के तमाम अधिकारी और कर्मचारीगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



विकास कार्यों का रखा लेखा-जोखा

सभा को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई ने अपनी उपलब्धियों का विस्तृत पिटारा जनता और अतिथियों के समक्ष रखा। उन्होंने पिछले चार सालों में नगर में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की लंबी फेहरिस्त गिनाई।

पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षदों ने भी अपने विचार रखे और एक सुर में नगर में हुए विकास कार्यों की श्रृंखला को जनता के समक्ष रखा। वक्ताओं ने कहा कि पिछले चार वर्षों में क्षेत्र की तस्वीर बदली है। साथ ही, परिषद के सभी सदस्यों ने आगामी शेष कार्यकाल में बचे हुए सभी विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और गति के साथ समय सीमा में पूर्ण करने का संकल्प लिया।

अध्यक्ष ने मुख्य रूप से इन विकास कार्यों का उल्लेख किया

- गुणवत्तापूर्ण सीसी सड़कों, नालियों और बड़े नालों का निर्माण।
- सार्वजनिक सौंदर्य और सुविधा के लिए पेवर ब्लॉक और आधुनिक तालाब सौंदर्यीकरण कार्य।
- नागरिकों की सुविधा हेतु उन्नत शांतिधाम और पानी की टंकियों का निर्माण।
- नौनिहालों के बेहतर भविष्य के लिए आंगनबाड़ी भवनों का विकास।
- पात्र हितग्राहियों के लिए पीएम आवास योजना और भू-अधिकार पट्टों का वितरण।

उन्होंने सैकड़ों विकास कार्यों की इन उपलब्धियों को गिनाते हुए गैरतगंज नगर को प्रदेश के विकसित और आधुनिक नगरों की श्रेणी में अग्रसर करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

दीवानगंज चौकी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपा

दीवानगंज। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को दीवानगंज पुलिस चौकी परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने चौकी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। पुलिसकर्मियों ने चौकी परिसर में जगह-जगह पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।



चौकी प्रभारी सुनील शर्मा न कहा ांक पांध कवल पयावरण का स्वच्छ ओर संतुलित रखने में ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण तैयार करते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

गुंदरई अर्जनी पंचायत में सड़क, नाली, स्कूल, पानी व स्ट्रीट लाइट बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

तहसील कि ग्राम पंचायत गुन्दरई अर्जनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पंचायत क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में विकास योजनाएं कागजों में तो दिखाई देती हैं, लेकिन धरातल पर उनका अस्तित्व नजर नहीं आता। उन्होंने पंचायत के कार्यों की निष्पक्ष जांच और स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सड़कें खराब और जर्जर हैं। बारिश के दौरान आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है। ऐसे में ग्रामीणों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने नालियों का निर्माण कर जलभराव की समस्या दूर करने की मांग की। ज्ञापन में शासकीय स्कूल की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने स्कूल में आवश्यक भवन, अतिरिक्त कमरे, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं ग्रामीणों के सामाजिक कार्यक्रमों और बैठकों के लिए सामुदायिक भवन तथा पंचायत के कामकाज के लिए पंचायत भवन के निर्माण अथवा मरम्मत की मांग भी उठाई गई। पेयजल संकट को लेकर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। उन्होंने पर्याप्त और नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकी तथा पाइप लाइन व्यवस्था कराने की मांग की। गांव की गलियों और मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा खराब लाइटों की मरम्मत कराने की मांग करते हुए कहा कि अंधेरे के कारण रात में आवागमन में परेशानी होती है और सुरक्षा का खतरा भी बना रहता है। गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि कई योजनाएं दस्तावेजों में मौजूद होने के बावजूद मौके पर दिखाई नहीं देतीं। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत कार्यों की राशि के उपयोग की जांच कराने तथा जिम्मेदारों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

कागजों में विकास, धरातल पर बदहालीए ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अमरावद कलां हाई स्कूल की उपलब्धि जिला स्तर पर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शिक्षा विभाग से चयनित रायसेन जिले की शासकीय हाई स्कूल अमरावदकलां के प्राचार्य भवानी प्रसाद गोहिया को विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्री गोहिया को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रभुराम चौधरी एवं कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भवानी प्रसाद गोहिया ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि टीम के सामूहिक प्रयास और विद्यार्थियों की मेहनत से यह सफलता प्राप्त हुई है। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिवार को आगामी वर्षों में भी और अधिक मेहनत एवं लगन के साथ बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



बरौला में 3 एकड़ खेत के बंटवारे पर बवाल

भतीजों ने लाठियों से पीट पीटकर चाचा-चाची को कर दिया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के बरौला में पैतृक खेती की जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि भतीजों ने लाठी-डंडों से लैस होकर भतीजों ने अपने ही सगे चाचा पर जानलेवा हमला बोल दिया, और जब उन्हें बचाने चाची बीच में आईं, तो उन पर भी जरा तरस नहीं खाया। इस संघर्ष में दंपति घायल हो गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बरौला गांव के रहने वाले सूरज आदिवासी (पिता नन्नूलाल आदिवासी) का अपने सगे भतीजों—रोहित आदिवासी और राज आदिवासी (पिता मूलचंद आदिवासी)—के साथ लगभग 3 एकड़ कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर काफी समय से मनमुटाव व विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गई। गुस्से में आगबबूला होकर रोहित और उसके भाई राज ने अपने चाचा सूरज पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब सूरज की पत्नी सीता बाई अपने पति को बचाने दौड़ीं, तो दबंग भतीजों ने उन पर भी डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को सलामतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

इनका कहना है

ज़मीन बंटवारे को लेकर बरौला गांव में मारपीट की सूचना मिली थी। पीड़ति सूरज आदिवासी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपी भतीजों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की गहन विवेचना कर रही है।

श्यामराज सिंह सोमवंशी, थाना प्रभारी, सलामतपुर।

फ्लोरोसिस जांच शिविर में बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कई बच्चों के दांतों में मिले डेंटल फ्लोरिसस के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विकासखंड ओबेदुल्लागंज के तजपुरा, करीतलाई, विनायका और बरखेड़ा गांव के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में जिला स्तरीय फ्लोरोसिस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों के आड़े तिरछे दांतों की जांच की। शिविर में जिला फ्लोरोसिस नोडल अधिकारी डॉ. एमडी भारती, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम से डॉ. सुरेंद्र राजपूत और डॉ. पूनम ओड ने बच्चों का परीक्षण किया। जांच के दौरान कई बच्चों में संभावित डेंटल फ्लोरोसिस के लक्षण मिले। प्रभावित बच्चों के यूरिन सैंपल लिए गए। बच्चे जिस स्त्रोत का पानी पी रहे हैं। उस पानी के भी सैंपल लिए गए हैं। इनकी जांच जिला चिकित्सालय स्थित फ्लोरोसिस लैब में की जाएगी। टीम ने संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से प्रभावित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक उपचार के लिए कैल्शियम, विटामिन-सी और मल्टीविटामिन की दवाइयां उपलब्ध कराईं। वहीं ग्रामीणों, शिक्षकों और बच्चों को फ्लोरोसिस बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय बताए। पंपलेट और पोस्टर के माध्यम से जागरुक किया गया।

पीपीएम से अधिक फ्लोराइड वाला पानी न पीएं....

नोडल अधिकारी डॉ. भारती ने बताया कि फ्लोरोसिस से बचाव के लिए पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा 1 पीपीएम से अधिक नहीं होनी चाहिए। लोगों को दैनिक आहार में दूध, दही और हरी सब्जियों का अधिक उपयोग करने की सलाह दी गई। लंबे समय तक अधिक फ्लोराइडयुक्त पानी का सेवन करने से डेंटल फ्लोरोसिस, स्केलेटन फ्लोरोसिस और नॉन-स्केलेटन फ्लोरोसिस होने की संभावना रहती है।



शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता सहित शिक्षक एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।